तापमान

अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 15 जुलाई 2026



12 अटल टिंकरिंग लैब्स को 'ऑन' करने स्कूलों में ...





12 फार्म भरने वाला न मिलने से पेंशनधारक रहे परेशान




## खबर संक्षेप

### 600 पॉपुलर के पेड़ उखाड़े गन्ने की फसल नष्ट, केस

**यमुनानगर।** गांव कोतरखाना निवासी अजीत सिंह ने अज्ञात व्यक्ति पर खेत में खड़े 600 पॉपुलर के पेड़ उखाड़ने और गन्ने की फसल पर दवाई का छिड़काव कर उसे नष्ट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने ट्यूबवेल के कमरे से स्टार्टर और चारपाई भी चोरी कर ली। अजीत सिंह ने मामले की शिकायत थाना छप्पर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है।

### पानीपतः अग्निवीरों की भर्ती 20 से

**पानीपत।** अंबाला मुख्यालय आरटीजी जोन के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती का आयोजन 20 से 27 जुलाई तक रोहतक के राजीव गांधी खेल परिसर में होगा। वहीं, इस रैली के लिए प्रवेश पत्र मंगलवार से आधिकारिक वेबसाइट पर डाउनलोड किए जा सकते हैं। वहीं, रोहतक भर्ती कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि यह भर्ती रैली सोनीपत, पानीपत, झज्जर और रोहतक जिलों के उन अभ्यर्थियों के लिए है जिन्होंने ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### पानीपतः जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने समालखा की प्रीतमपुरा कॉलोनी में खाली प्लाट में दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहे बाग वाला मोहल्ला निवासी प्रदीप उर्फ मोना पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी गांविंदा निवासी कालीरमन पाना, समालखा को गिरफ्तार किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि जानलेवा हमले का यह केस समालखा चौकी में पीड़ित प्रदीप उर्फ मोना की शिकायत पर दर्ज है। आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### पिता ने डेढ़ साल की बेटी से किया दुष्कर्म का प्रयास

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां जब दोपहर को घर लौटी तो उसने अपने पति को बेटी के साथ गलत हरकत करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एक महिला ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और साढ़ौरा में रहकर मजदूरी कर रहा है। परिवार में तीन बच्चे हैं। दोपहर पति नशे की हालत में घर आया और डेढ़ साल की बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। उसने मौके पर ही

## बराड़ाः केसरी रेलवे स्टेशन के पास खाना गर्म करते समय हादसा

# गैस सिलेंडर का पाइप फटने से धमाका घर की दीवारें ढहीं, युवक झुलसा

- युवक को चंडीगढ़ सेक्टर-32 अस्पताल रेफर किया
- पिता बोले-पल भर में सब कुछ उजड़ गया, पुलिस ने मुआयना कर साक्ष्य जुटाए



बराड़ा। धमाके के बाद हुए नुकसान को दिखाता मालिक। फोटोः हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा**

बराड़ा के रेलवे स्टेशन केसरी के पास मंगलवार को एक घर में गैस सिलेंडर का पाइप फटने से जोरदार धमाका हो गया। हादसे में घर की दीवारें ढह गईं और एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना रसोई में खाना गर्म करने के दौरान हुई। अचानक गैस सिलेंडर का पाइप फटने से हुए धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घर की पक्की कंक्रीट की दीवारें गिर गईं। लोहे और लकड़ी के दरवाजे भी टूटकर दूर जा गिरे। हादसे में घर में मौजूद युवक दीपक कुमार बुरी तरह झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चंडीगढ़ रेफर किया गया है। परिजनों और चश्मदीदों के अनुसार हादसा अचानक हुआ। रेलवे स्टेशन केसरी निवासी दीपक कुमार दोपहर में खाना खाने के लिए घर आया था। रसोई बंद होने के कारण वहां पहले से गैस लीक होकर जमा हो चुकी थी। दीपक को गैस रिसाव का पता नहीं चला। जैसे ही उसने खाना गर्म करने के लिए माचिस जलाई, हवा में फैली गैस ने आग पकड़ ली। कुछ ही सेकंड में सिलेंडर का पाइप फट गया और जोरदार धमाका हो गया। इससे कंक्रीट की मजबूत दीवारें ढह गईं और घर मलबे में तब्दील हो गया।धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मलबे और धुएं के बीच ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद झुलसे दीपक को बाहर निकाला और नागरिक अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे चंडीगढ़ सेक्टर-32 अस्पताल रेफर कर दिया।घायल युवक के पिता पवन सिंह ने बताया कि हादसे के समय घर में वह और उनका बेटा दीपक ही मौजूद थे, जबकि दीपक की मां दवाई लेने डॉक्टर के पास गई हुई थीं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मलबे का निरीक्षण किया। पुलिस ने गैस लीकेज के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हादसा गैस रिसाव के कारण होना सामने आया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### माचिस जलाते ही विस्फोट

दीपक को गैस लीक होने का अंदाजा नहीं था। उसने जैसे ही खाना गर्म करने के लिए माचिस जलाई, हवा में फैली गैस ने तुरंत आग पकड़ ली।

### घर में मां-बेटा ही थे

हादसे में झुलसे युवक के पिता पवन सिंह ने बताया- हादसे के समय घर पर सिर्फ मैं और मेरा बेटा दीपक ही थे। दीपक की मां दवाई लेने डॉक्टर के पास गई हुई थी। सब कुछ पल भर में उजड़ गया।

## राढौर के कांजनू नहर पुल के पास सीआईए-टू की कार्रवाई

# सर्राफा लूटकांड के फरार बदमाशों से मुठभेड़, तीन को गोली लगी





यमुनानगर। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती करवाते पुलिस कर्मी। फोटोः हरिभूमि

- रिमांड पर चल रहे संदीप-नीरज से पूछताछ के दौरान मिली थी अहम जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

रादौर के मुख्य बाजार में सर्राफा कारोबारी से लाखों रुपये की लूट के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीती रात को सीआईए-टू की टीम की रादौर के कांजनू नहर पुल के पास फरार इनामी बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान करनाल के इंद्री के रवि, सोनीपत के गन्नौर निवासी सतबीर और पवन उर्फ पुन्ना पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गए। जबकि उनका साथी प्रवीण को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायल तीनों आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सर्राफा लूटकांड में गिरफ्तार किए गए करनाल के इंद्री निवासी संदीप और नीरज को 11 जुलाई को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में पुलिस को उनके फरार साथियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसी इनपुट के आधार पर सीआईए टू की टीम ने कांजनू नहर पुल के पास दबिश दी। जहां बदमाशों का पुलिस से आमना सामना हो गया। कार्रवाई के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम से बचने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में रवि, सतबीर और पवन उर्फ पुन्ना घायल हो गए। जबकि प्रवीण को पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया।

### चार जुलाई को हुई थी लूट

चार जुलाई की रात करीब आठ बजे रादौर के मुख्य बाजार स्थित शाकुंभरी ज्वेलर्स के संचालक अमित कुमार दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने शटर बंद कर नकदी से भरा बैग उठाया तो पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। पिस्तौल की बट से सिर पर वार कर बदमाश नकदी से भरा बैग छीन ले गए थे। फरार होते समय दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की थी। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

## कोहंड-असंध रोड पर अवैध शराब के ठेके का भंडाफोड़



करनाल। कोहंड-असंध रोड पर अवैध शराब के ठेके पर छापेमारी के दौरान जांच करती मुनक थाना पुलिस। फोटोः हरिभूमि

- पुलिस के छापे में भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल**

जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुनक थाना पुलिस ने कोहंड-असंध रोड पर संचालित एक अवैध शराब के ठेके का भंडाफोड़ किया। देर रात छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की तथा मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। मामले की सूचना आबकारी विभाग को भी दे दी गई है। कोहंड-असंध रोड पर लंबे समय से सड़क किनारे अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी। हैरानी की बात यह रही कि यह कारोबार काफी समय से खुलेआम चल रहा था, लेकिन संबंधित विभागों को इसकी भनक तक नहीं लगी। गुप्त सूचना मिलने के बाद मुनक थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान से अंग्रेजी शराब की कई बोतलें और बीयर का बड़ा जखीरा बरामद किया। मौके पर मौजूद एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरामद शराब को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद अवैध शराब कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जाएगी।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने पब्लिक हेल्थ विभाग के पाइप चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना सहित तीन आरोपियों रज्जाक पुत्र कमरूद्दीन निवासी गोलपुरी मेवात, आशिफ पुत्र इकबाल निवासी गांव बुराका जिला पलवल व देवेंद्र पुत्र रामनारायण निवासी सोनीपत हाल निवासी रोहतक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में पानीपत और गुजरात के वडोदरा में की गई पाइप चोरी की एक-एक वारदात का खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरी के पाइपों से भरा कैंटर कब्जे में लेने के साथ ही आरोपियों की निशानदेही पर पानीपत से 116 चोरी के पाइप बरामद किए। थानेदार मतलौडा राजेश ने बताया कि कैंटर से 64 पाइप बरामद हुए। आरोपी ये पाइप गुजराज के वडोदरा से चोरी कर के लाए थे। आरोपियों ने गांव उंटला में भी पब्लिक हेल्थ विभाग के पाइप चोरी किए थे। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में पब्लिक हेल्थ एसडीओ वीरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

## झांसा देकर 15.90 लाख की लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** नग्गल क्षेत्र के सेगती कट के पास हथियार की नोक पर 15.90 लाख रुपये की लूट मामले में सीआईए-1 ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन उर्फ छोटा निवासी नरवाना और मनीष कुमार निवासी फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने तीन गुना पैसा करने का लालच देकर राजस्थान निवासी विष्णु को अंबाला बुलाया था और वारदात को अंजाम दिया था। मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

## हाइड्रा ने दो महिलाओं को कुचला, एक की मौत, दूसरी की बाजू काटनी पड़ी

- हादसे में तीन वर्षीय बच्ची उछलकर सड़क किनारे गिरी जिससे उसकी जान बच गई

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर**

यमुनानगर के शादीपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार हाइड्रा ने सड़क किनारे पैदल जा रही दो महिलाओं को कुचल दिया। हादसे में 55 वर्षीय हमीदा खातून की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि अनीशा खातून गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान डॉक्टरों को उसकी एक बाजू काटनी पड़ी। हादसे में अनीशा की गोद में मौजूद तीन वर्षीय बच्ची अनाया टक्कर लगने से उछलकर सड़क किनारे जा गिरी, जिससे उसकी जान बच गई।जानकारी के अनुसार बिहार निवासी रियाज अपनी पत्नी, बेटी और मासी के साथ शादीपुर बाजार जा रहा था। खजुरी रोड पर तेज रफ्तार हाइड्रा ने दोनों महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात हाइड्रा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रतिबंधित कैप्सूल रखने के दोषी को 10 साल की सजा

यमुनानगर। अदालत ने प्रतिबंधित दवाई के 1152 कैप्सूल बरामदगी मामले में दोषी रवि निवासी गांव संतपुरा, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने इससे पहले 12 जुलाई को रवि को दोषी करार दिया था। वहीं, सहआरोपी सुशील और अंकित के खिलाफ आरोप साबित नहीं होने पर उन्हें बरी कर दिया गया।जिला उपन्यायवादी सुधीर सिंधर ने बताया कि मामला पिछले वर्ष सात मार्च का है। थाना व्यासपुर पुलिस ने एंटी नारकोटिक्स सेल की सूचना पर गांव बिहटा बस अड्डे के पास कार्रवाई करते हुए रवि को पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास से चार डिब्बों में 1152 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद हुए थे।जांच में ड्रग कंट्रोल अधिकारी बिंदु धीमान ने कैप्सूल को प्रतिबंधित श्रेणी का बताया था। पूछताछ में रवि ने दावा किया था कि उसने कैप्सूल सुशील और अंकित से खरीदे थे। अदालत ने रवि के खिलाफ मिले सबूतों के आधार पर उसे दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष की सजा और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया।

## राष्ट्रीय पक्षी मोरनी की मौत सम्मान के साथ दी विदाई



**बराड़ा।** बराड़ा-दोसड़का रोड पर मृत अवस्था में मिली राष्ट्रीय पक्षी मोरनी का मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पशु चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम के बाद उसकी मौत को प्राकृतिक (नेचुरल) करार दिया, क्योंकि शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बराड़ा पशु अस्पताल में सूचना मिली कि बराड़ा-दोसड़का रोड पर एक मोर घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी उसे तत्काल पशु अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि वह मोर नहीं, बल्कि मोरनी थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। वेटनरी सर्जन डॉ. शरद ने मोरनी का पोस्टमार्टम किया।

## सावी का अमेज़न में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजी. के पद पर चयन

**बराड़ा।** ग्राम अधोया की होनहार बेटी सावी गर्ग ने महज 21 वर्ष की आयु में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हैदराबाद स्थित विश्व की अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी अमेज़न में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सावी भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार गर्ग की पुत्री हैं। सावी ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपने स्वर्गीय दादा-दादी, गुरुजनों तथा ताऊ-चाचा सहित पूरे परिवार को दिया। उन्होंने अपने चचेरे बड़े भाई शुभम सिंगला को अपना मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकी हैं। सावी ने अपनी दसवीं तक की शिक्षा यहां के शैमफोर्ड स्कूल से 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ पूरी की। इसके बाद उन्होंने इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग शाखा में बीटेक की पढ़ाई 9.02 सीजीपीए के साथ डिस्टिंक्शन में पूरी की।



## केयू की शैक्षणिक परिषद की बैठक में एआई सहित अनेक नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी

*अप्रेंटिसशिप स्टाइपेंड बढ़कर 12 हजार रुपये हुआ*

# उच्च शिक्षा में एआई बनेगा शिक्षण और मूल्यांकन का प्रभावी सहयोगीः प्रो. सचदेवा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 130वीं शैक्षणिक परिषद (एकेडमिक काउंसिल) की बैठक कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में श्रीमद्भगवद्गीता सदन के सीनेट हॉल में ब्लेंडेड मोड में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत, शैक्षणिक सुधारों और उद्योग-अकादमिक सहयोग से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालय संस्थानों और उद्योगों के साथ हुए एमओयू को भी स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, अनुसंधान, कौशल विकास, इंटर्नशिप और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उच्च शिक्षा में शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव ला रही है।



कुरुक्षेत्र। बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटोः हरिभूमि

### नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि एआई भविष्य में शिक्षण, अध्ययन सामग्री और मूल्यांकन को अधिक प्रभावी बनाएगा। विश्वविद्यालय ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री कार्यक्रम शुरू किए हैं। बीओएटी के सहयोग से विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रशिक्षण मिलेगा और स्टाइपेंड 9 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। परिषद ने बीसीए (एआई), बीएससी (डेटा साइंस), जियोलॉजी, सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बी.वोक. इंडस्ट्रियल बायोकैमिस्ट्री और एनवायरनमेंटल साइंस एंड सस्टेनेबिलिटी सहित कई नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी।

### मौजूद रहे

बैठक में कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, डीन आफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. एनके माटा, प्रो. एसपी सिंह, प्रो. हरी सिंह, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. मंजुला चौधरी, प्रो. कृष्णा देवी, प्रो. नरेन्द्र, प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. जसबीर सिंह, प्रो. महावीर सिंह, प्रो. आरके मोदगिल, प्रो. महेन्द्र चंद, प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. रीटा, प्रो. विवेक चावला, प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. कुसुमलता, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. एसके चहल, प्रो. ओमवीर सिंह, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. सुरेन्द्र माही, प्रो. अवनीश वर्मा, प्रो. दीपक राय बब्बर, प्रो मुकेन्द्र कादियान, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, प्रो. जितेन्द्र भारद्वाज, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, ओएसडी पवन रोहिला, उप-कुलसचिव विनोद वर्मा, विजय शर्मा सहित शैक्षणिक परिषद के सदस्यों, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# गजकेसरी महालक्ष्मी योग में आज से शुरू होंगे गुप्त नवरात्रि

## 15 से 22 जुलाई तक होगी मां दुर्गा की आराधना


**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र**

आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि इस साल बेहद खास होने वाली है। सनातन परंपरा में यह काल गुप्त साधनाओं और तांत्रिक अनुष्ठानों के लिए जाना जाता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि इस बार बहुत ही दुर्लभ गजकेसरी महालक्ष्मी' योग बन रहा है, जो धन, समृद्धि और संकट नाश का महासंयोग माना जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह योग स्थिरता, न्याय और धन की प्राप्ति का प्रतीक है। यह दुर्लभ योग कुंडली के दरिद्र योगों को भी निष्प्रभावी करने की क्षमता रखता है।इस वर्ष आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई बुधवार से शुरू हो रही है और 22 जुलाई बुधवार को समाप्त होगी। यह नवरात्रि आम नवरात्रि से अलग होती है, क्योंकि इसमें गुप्त रूप से साधनाएं की जाती हैं। गृहस्थ जीवन जीने वाले लोगों के लिए यह काल कष्टों से मुक्ति और नए संकल्पों का समय है।

### घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

- 15 जुलाई (बुधवार) समयः सुबह 6:01 बजे से 10:17 बजे तक
- ब्रह्म मुहूर्तः सुबह 4:11 बजे से 4:52 बजे और इस दिन पुष्य नक्षत्र, हर्षण योग और सिद्ध योग का शुभ संयोग भी रहेगा, जिससे पूजा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना करने से साधना का फल कई गुना बढ़ जाता है।

### दस महाविद्याओं की साधना का महत्व



डॉ. रामराज कौशिक गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक

डॉ. रामराज कौशिक ने बताया की गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के 10 शक्तिशाली स्वरूपों की साधना की जाती है। इन महाविद्याओं की पूजा से साधक को विशेष फल की प्राप्ति होती है। कमला, तारा, बगलामुखी, काली, त्रिपुर सुंदरी, धूमावती, भैरवी, भुवनेश्वरी, मातंगी और छिन्नमस्ता - इन दस शक्तियों की साधना से साधक के जीवन से कई पीढ़ियों की दरिद्रता दूर हो सकती है।यह नवरात्रि उन लोगों के लिए बड़ा अवसर है, जो लंबे समय से कर्ज, व्यापार घाटा या अज्ञात बाधाओं से परेशान हैं।

## खबर संक्षेप

### चार युवकों पर युवती के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी 26 वर्षीय युवती ने दो भाइयों समेत चार युवकों पर उसके साथ करीब दो साल से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी 26 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह बूडिया थाना क्षेत्र के गांव में रहती है। गांव के ही मुरसलीन व उसके भाई मेहरून ने दोस्तों सुलेमान व इनाम अली के साथ मिलकर जून 2024 से गत जून माह तक उसके साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं।

### रंजिश में महिला के घर पर पथराव, 14 पर केस

यमुनानगर। गांव ममीदी निवासी रजनी ने गांव के 14 लोगों पर रंजिश के चलते उसके घर पर ईंट-पत्थरों से हमला करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार पुराने विवाद के बाद आरोपी सिंद्रो, बंतो और उनके साथियों ने घर पर पथराव कर दरवाजे तोड़ दिए। आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर फरकपुर थाना पुलिस ने जांच के बाद सभी 14 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### नगर निगम की मेयर ने झाड़ू लगाकर किया सफाई अभियान का शुभारंभ

# स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी: बहमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को जन जन तक पहुंचाने को लेकर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने शहर में विशेष सफाई अभियान का स्वयं झाड़ू लगाकर शुभारंभ किया। उन्होंने शहरवासियों से अपने आसपास साफ सफाई करने के लिए आहवान किया। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार भी मौजूद रहे। मेयर सुमन बहमनी सुबह के वक्त अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रूति, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, पार्षद रीना, पार्षद अरुण कुमार, पार्षद जयंत स्वामी व स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन आदि के साथ शहर के झंडा चौक पर पहुंच गई। इस दौरान उन्होंने व उनके साथ अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर क्षेत्र में साफ सफाई करके विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने एक पेड़ मां के नाम भी लगाया। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि यमुनानगर जगाधरी में यह विशेष सफाई अभियान 19 जुलाई तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत शहर के प्रत्येक वार्ड, कॉलोनी और मोहल्ले में विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्य में संबंधित वार्ड के पार्षद, निगम कर्मचारी, स्थानीय निवासी और सामाजिक संस्थाएं मिलकर काम करेंगी।



यमुनानगर। के जगाधरी में झाड़ू लगाकर विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ करते हुए मेयर सुमन बहमनी।

#### खुले में कचरा न फैलाएं

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या प्रशासन का काम नहीं है। बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपने घरों, मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने तथा कचरे का सही प्रबंधन करने में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। हर नागरिक अपने घर, दुकान व संस्थान से सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके निगम के वाहन को दें। खुले में कचरा न फैलाएं।

### निगमायुक्त ने कचरा निस्तारण प्लांट का किया निरीक्षण

## कैल कचरा प्लांट में अब दिन-रात निर्बाध जारी रहेगा कचरा निस्तारण



**यमुनानगर।** जिले के कैल कचरा निस्तारण प्लांट में 7.24 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन शेड व एमआरएफ सेंटर का नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री व अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की। निगम द्वारा कैल प्लांट में धरातल को पक्का करने के बाद शेड डालने के लिए बड़े बड़े पिलर बनाए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि शेड बनने से यहां दिन रात कचरा निस्तारण और कचरा छंटनी का काम जारी रहेगा। बारिश होने पर भी यह कार्य निर्बाध जारी रहेगा। शेड बनने से प्लांट में आने वाले कचरा का समय पर निस्तारण होगा और प्लांट में लगी मशीनें भी सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने प्लांट में बनाए जा रहे शेड के पीलरों में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की बारीकी से जांच की। वहीं, एमआरएफ सेंटर में कचरा पृथक्करण और गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को देखा। निगम आयुक्त ने इन सभी प्रक्रियाओं की गुणवत्ता की जांच की और संतोष जताया। मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने उन्हें जानकारी दी कि कैल कचरा निस्तारण प्लांट में शेड निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है।



यमुनानगर। रादौर में क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ कालेज मार्ग। फोटो : हरिभूमि

## रादौर कॉलेज मार्ग क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालक परेशान

- रादौर में सड़क मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर का कालेज मार्ग क्षतिग्रस्त होने से लोग परेशान हैं। आलम यह है कि कस्बा की लाइफ लाइन कहे जाने वाला कॉलेज रोड जगह जगह से टूटकर बिखर चुका है। कस्बावासियों ने सरकार से क्षतिग्रस्त पड़े कालेज रोड़ को ठीक करवाए जाने की मांग की। कस्बा निवासी राजपाल, जयकुमार, देशराज, विजय, विक्की व नितिन शर्मा आदि ने बताया कि कस्बावसियों की मांग पर कुछ दिन पहले क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत करवाई गई थी। मगर सड़क को पूरी तरह ठीक नहीं किया गया और कहीं कहीं थोड़ी बजरी आदि डालकर काम चलाऊ कार्य किया गया। मगर अब बारिश होने के बाद सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटिया सामग्री से करवाई गई मुरम्मत बरसात में टूटकर बिखर गई है। जिससे नगरपालिका को भारी नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि कस्बा में कॉलेज रोड से हर रोज हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं। यह सड़क मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त है। जिससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से शहर के लोग नगरपालिका के अधिकारियों से इस सड़क मार्ग की रिपेयर किए जाने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन बार बार मांग करने पर भी इस सड़क का निर्माण नहीं करवाया जा रहा है। बरसात के मौसम में इस सड़क मार्ग पर जगह जगह भारी मात्रा में बरसाती पानी खड़ा रहता है। जिससे लोगों को सड़क मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है।

#### जल्द करवाएंगे रिपेयर

नप रादौर के जेई कपिल कांबोज ने बताया कि सड़क का निर्माणकार्य जल्द करवाया जायेगा। जिससे लोगों की समस्या का समाधान होगा।

## पुलिस कर्मियों ने कांवड़ यात्रियों का किया गर्मजोशी से स्वागत

- नशे से दूर रहकर यातायात नियमों का पालन करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पवित्र कावड़ यात्रा का मंगलवार से शुभारंभ हो गया। इसी क्रम में हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने घर की ओर प्रस्थान कर रहे कांवड़ियों का रादौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नाके पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया।

सीटी रविंद्र कुमार, सीटी शिवकुमार, एचजीएच शिवप्रसाद व एचजीएच प्रदीप कुमार ने कांवड़ियों का हार्दिक अभिनंदन किया। पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों को जलपान कराया। इसके साथ ही यात्रा के दौरान नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की। पुलिसकर्मियों ने सभी कांवड़ियों की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। वहीं कांवड़ियों ने भी पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए सम्मान, सहयोग और व्यवस्थाओं के लिए उनका हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। रादौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा ने बताया कि सावन माह में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित संपन्न हो सके।



**यमुनानगर।** रादौर में कांवड़ियों की सेवा करते पुलिस कर्मचारी।

### सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

## निर्मल हॉस्पिटल में निःशुल्क फाइब्रोस्कैन टेस्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- फाइब्रोस्कैन एक आधुनिक एवं बिना दर्द वाली जांच है

निर्मल हॉस्पिटल यमुनानगर में मंगलवार को निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान यमुनानगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीजों ने अपने लीवर की निःशुल्क जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

डॉ.निर्मल सिंह ने बताया कि फाइब्रोस्कैन एक आधुनिक एवं बिना दर्द वाली जांच है, जिसके माध्यम से लीवर में फैट (फैटी लिवर) और फाइब्रोसिस (लीवर की कठोरता) का पता लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की बदलती जीवनशैली, मधुमेह, मोटापा एवं शराब के सेवन के कारण लीवर संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, इसलिए समय पर जांच करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि निर्मल हॉस्पिटल पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के उद्देश्य से नियमित रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करता आ रहा है।

उन्होंने कहा कि सांस, दमा, सीओपीडी तथा शुगर के मरीजों के लिए भी अस्पताल में प्रत्येक माह निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि लोगों को समय रहते बीमारी का पता चल सके और उचित उपचार मिल सके।

## विद्यार्थियों में भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर वैज्ञानिक सोच का होना जरूरी

- मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शार्क टैंक गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं (विज्ञान संकाय) के विद्यार्थियों के लिए शार्क टैंक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमशीलता की भावना तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक सोच का विकास करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने भविष्य के विकास से जुड़े अपने अभिनव स्टार्टअप आइडियाज प्रस्तुत किए। कक्षा 11वीं की छात्रा खुशबू ने स्मार्ट वॉटर बॉटल का विचार प्रस्तुत किया। जो समय पर दवा लेने के लिए संकेत देकर लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने में सहायक हो सकती है।

वहीं, कक्षा 11वीं के छात्र सुखद ने बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहनों की आवश्यकता को देखते हुए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों की संख्या एवं सुविधाओं के विस्तार पर अपने विचार प्रस्तुत किए।




**यमुनानगर।** मुकंदलाल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए विद्यार्थी।

#### बायोडिग्रेडेबल क्रॉकरी का अभिनव स्टार्टअप

कक्षा 12वीं की छात्रा नव्या ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बायोडिग्रेडेबल क्रॉकरी के निर्माण एवं उपयोग से संबंधित अपना अभिनव विचार प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने स्टार्टअप आइडियाज को आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में मनाया जाएगा व्यास पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



- रादौर के श्री राधा कृष्ण मंदिर में 23 से 29 जुलाई तक मनाया जाएगा व्यास पूर्णिमा महोत्सव

रादौर की यमुनागली स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 23 से 29 जुलाई तक पांच दिवसीय 35वें श्री व्यास पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीकृष्ण कथा एवं श्री खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना का आयोजन भी किया जाएगा।

मौके पर प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर के महंत एवं कथा व्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल व पुजारी पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि 23 जुलाई को सुबह 8 बजे पूजन एवं मूर्ति अधिवास होगा। 25 जुलाई (एकादशी) को श्री खाटू श्याम बाबा की मूर्ति स्थापना की जाएगी। वहीं 24 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक श्रीकृष्ण कथा का आयोजन होगा। 29 जुलाई को श्री व्यास पूर्णिमा पर सुबह 7 बजे पूजन एवं हवन, 9 बजे गुरु पूजा व 10 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीकृष्ण कथा का रसपान करने का अनुरोध किया।

## मानसून के दौरान प्रशासन किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह है सतर्क: डॉ. सिंह

**उपमंडल अधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर जांची बाढ़ रोकथाम के इंतजामों की व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर के उपमंडल अधिकारी (ना) डॉ. कुलदीप सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न बाढ़ प्रभावित संवेदनशील स्थलों का दौरा कर बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को बाढ़ रोकथाम के इंतजामो को लेकर दिशा निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने क्षेत्र के गागड़वाला तालाब, कोटला,सढ़ौरा चौक, इस्माइलपुर पुल, नया गांव स्थित बांध तथा नकटी नदी पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्थानों पर जल निकासी व्यवस्था, तटबंधों की स्थिति तथा बाढ़ सुरक्षा संबंधी कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बाढ़ राहत कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी की जाए। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सभी उपकरण, मशीनरी एवं संसाधन पूरी तरह क्रियाशील स्थिति में रखे जाएं। ताकि जरूरत पड़ने पर उनका तुरंत उपयोग किया जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि भारी वर्षा के दौरान नदी, नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के निकट जाने से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत संबंधित विभाग या प्रशासनिक अधिकारियों को दें। ताकि समय रहते आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



**यमुनानगर।** बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करते एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह।

## साइबर ठगों ने मुनाफे का लालच देकर ठगे 2.67 लाख

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट करवा अधिक मुनाफा देने का लालच देकर साढौरा निवासी भावेश घई से 2.67 हजार रुपये ठग लिए। भावेश को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार भावेश घई ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को भी शिकायत में बताया कि सात जुलाई को वह काम कर रहा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो बात एक टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया। जहां पर इन्वेस्टमेंट के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसके बाद ठगों ने उससे मैसेज के माध्यम से बात करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे कहा कि टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट कर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उससे टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट करने के नाम पर 2.67 हजार रुपये जमा करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे मुनाफे के पैसे नहीं दिए। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और उसे ग्रुप से रिमूव कर दिया। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- मैसेज पर क्लिक करते ही टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ा

## 37 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामनगर में मंगलवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं बाल भारती गठन कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओपी. मलिक तथा विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय के पूर्व छात्र राजेश चोपड़ा (वरिष्ठ अभियंता) ने दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ किया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

समारोह में शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 37 विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 3100 रुपये का पुरस्कार श्रुति, चाहत, राघव, हरमन, आर्यन कुमार, राघव पांचाल, योगिता और खुशी को प्रदान किया गया। 2100 रुपये की राशि अनित, वंशिका शर्मा, शालिनी देवी और निहारिका को दी गई। वहीं 1100 रुपये का पुरस्कार आदित्य, निष्ठा, फरलीन, उदित भल्ला, चेतन, केशव, मनदीप, दिव्यांशी, अर्शप्रीत, राशि, अंशदीप और समीक्षा को मिला।



#### ऐसे आयोजन से बढ़ता है आत्मविश्वास

विभिन्न दायित्वों के लिए चयनित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। विशिष्ट अतिथि राजेश चोपड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य धनेश डिमरी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं।

### प्रशिक्षण | गांव टोपरा कलां के ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण

किसानों को दी जी-ऐप की विस्तार से जानकारी

## किसी अन्य पर निर्भर रहने के बजाय खुद जी.फसल ऐप पर रजिस्ट्रेशन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गाँव टोपरा कलां में मंगलवार को हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एचएआरएसएसी) की एक विशेष टीम ने दौरा किया। ग्रामीण स्तर पर किसानों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने और उनकी फसलों का सही ब्योरा सरकार तक पहुँचाने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

टीम में मुख्य रूप से डॉ.मनजीत, डॉ.विनय, रविंदर कौर व सत्यवान शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों को जी.फसल मोबाइल ऐप के इस्तेमाल और उसके फायदों के बारे में विस्तार से समझाया। एचएआरएसएसी की टीम ने किसानों को प्रेरित किया कि वे किसी अन्य पर निर्भर रहने के बजाय खुद जी.फसल ऐप पर अपना रजिस्ट्रेशन करें। इसके साथ ही ऐप के माध्यम से अपनी खड़ी फसल की बिल्कुल सटीक और सही जानकारी अपलोड करने का तरीका भी सिखाया गया।



**यमुनानगर।** के गांव टोपरा कलां में किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

#### किसानों के लिए डिजिटल फसल पंजीकरण

*किसान खुद अपनी फसल का ब्योरा दर्ज कर सकते हैं, जिससे मानवीय गलतियों की गुंजाइश खत्म होगी। सही डेटा अपलोड होने से भविष्य में मिलने वाले कृषि लाभ, सब्सिडी और फसल बीमा का क्लेम सीधे किसानों के खातों में बिना किसी देरी के पहुँच सकेगा। पूर्व सरपंच मुनीष कुमार, केआर नेहरा ने भी एचएआरएसएसी टीम के इस प्रयास की सराहना की और गांव के अन्य किसानों से अपील की कि वे तकनीक का लाभ उठाएं और जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन पूरा करें। इस अवसर पर मौजूद सभी किसानों ने इस तकनीक प्रक्रिया को ध्यान से समझा और इसे कृषि क्षेत्र में एक सराहनीय कदम बताया।*

वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी
जाम से मिलेगी राहत

# नए रेलवे एलिवेटेड ट्रैक से कुरुक्षेत्र को मिली नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शुरू होने से पांच प्रमुख रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिली है। शहरवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। आमजन का मानना है कि रेलवे एलिवेटेड ट्रैक कुरुक्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक परियोजना है। इससे पांच रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, शहरवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी और लोगों के समय के साथ-साथ ईंधन की भी बचत होगी।एलिवेटेड ट्रैक सिर्फ जाम से राहत नहीं देगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। स्कूल और कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को भी समय पर पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

## शहर की आर्थिक गतिविधियों को गति देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना : सीकरी

*भाजपा नेता संजीव सीकरी ने कहा कि रेलवे एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कुरुक्षेत्र के व्यापारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। पहले पांच रेलवे फाटकों के बंद होने से बाजारों में आने वाले ग्राहकों को लंबे समय तक जाम में फंसना पड़ता था। कई ग्राहक समय की कमी के कारण खरीदारी किए बिना लौट जाते थे, जिससे व्यापार प्रभावित होता था। अब फाटक खत्म होने से शहर के विभिन्न हिस्सों से बाजारों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इससे ग्राहकों की संख्या बढ़ने के साथ कारोबार में भी वृद्धि की उम्मीद है। एलिवेटेड ट्रैक केवल यातायात की सुविधा नहीं, बल्कि शहर की आर्थिक गतिविधियों को गति देने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है।*



## ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण भी कम होगा : रामेश्वर सैनी

*समाजसेवी रामेश्वर सैनी का कहना है कि मैं रोजाना नौकरी के लिए शहर के एक छोर से दूसरे छोर तक सफर करता हूं। पहले रेलवे फाटक बंद होने पर 20 से 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ता था। कई बार कार्यालय पहुंचने में देरी हो जाती थी। एलिवेटेड ट्रैक शुरू होने के बाद यह समस्या लगभग समाप्त हो गई है। अब बिना रुकावट यात्रा संभव होगी, जिससे समय की बचत होगी और मानसिक तनाव भी कम होगा। ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण भी कम होगा। यह परियोजना विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी।*



## एलिवेटेड ट्रैक बनने से वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई : सुधीर चुघ

*नगर पार्षद सुधीर सुधीर चुघ का कहना है कि कुरुक्षेत्र के लोग कई वर्षों से एलिवेटेड रेलवे ट्रैक की मांग कर रहे थे। पांच रेलवे फाटकों पर लगने वाला जाम शहर की सबसे बड़ी समस्या बन चुका था। एंबुलेंस, स्कूली वाहन और आम नागरिक सभी इससे परेशान रहते थे। अब एलिवेटेड ट्रैक बनने से वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इससे शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों का जीवन अधिक सुगम होगा। यह परियोजना भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई है और आने वाले वर्षों में बढ़ते यातायात के दबाव को भी आसानी से संभाल सकेगी।*



## शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : संजय

*हम फाउंडेशन के सदस्य संजय चौधरी का कहना है कि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम के कारण विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते थे। कई बार परीक्षाओं और महत्वपूर्ण कार्यों में भी देरी हो जाती थी। अब ट्रैफिक सुचारु होने से समय की बचत होगी और सड़क सुरक्षा भी बेहतर होगी। फाटक बंद रहने के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। मेरा मानना है कि इस परियोजना से कुरुक्षेत्र की पहचान एक आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में और मजबूत होगी।*



**खबर संक्षेप**

### अब 24 तक जमा करवा सकते हैं एन्यूमरेशन फार्म

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग की तरफ से एन्यूमरेशन फार्म जमा करवाने की तारीख को 24 जुलाई तक बढ़ा दिया है। अब जिला के नागरिक 24 जुलाई तक एन्यूमरेशन फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करवा सकते हैं। इसके साथ ही 31 जुलाई को ड्राफ्ट सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची में जो भी कमियां, खामियां होगी, उनको दुरुस्त करवाने के लिए 31 जुलाई से 30 अगस्त तक एआरओ को जमा करवा सकते हैं। सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के बाद 3 अक्टूबर को फाइनल सूची प्रकाशित की जाएगी।उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा और शाहाबाद विधानसभा में एन्यूमरेशन फार्म बांटने का काम शत प्रतिशत हो चुका है।

### नाटक युग परिवर्तन का मंचन आज

**कुरुक्षेत्र।** वंदे मातरम राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महाकवि कालिदास जयंती के अवसर पर संगीत नाटक अकादेमी नई दिल्ली द्वारा 15 जुलाई को देशभर में 150 नाटकों का मंचन करवाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हरियाणा कला परिषद के सहयोग से कला कीर्ति भवन में नाटक युग परिवर्तन वंदे मातरम की हुंकार का मंचन किया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने दी।

# डंपिंग यार्ड के विरोध में संचालकों और दुकानदारों ने लगाया जाम

## प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नए बस अड्डे के समीप पिपली-कुरुक्षेत्र मार्ग पर मंगलवार को कोचिंग संस्थान संचालकों व दुकानदारों ने डंपिंग यार्ड के विरोध में सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कूड़े से भरे टिप्परों को डंपिंग स्थल तक जाने से रोक दिया, जिससे कई टिप्पर सड़क पर ही खड़े रहे और मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। सुबह दफ्तर और अन्य कार्यों के लिए निकलने वाले लोगों को जाम के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोचिंग संस्थान संचालकों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि उनकी शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उनका कहना था कि कोचिंग संस्थानों के पीछे बनाए गए डंपिंग यार्ड से दिनभर तेज दुर्गंध उठती रहती है। बदबू के कारण संस्थानों में बैठना मुश्किल हो गया है और पढ़ाई का माहौल पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। संचालकों ने बताया कि उनके संस्थानों में आईईएलटीएस और पीटीई की तैयारी करने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आते हैं। लेकिन डंपिंग यार्ड से फैल रही दुर्गंध के कारण विद्यार्थियों ने संस्थानों में आना कम कर दिया है। इससे उनके संस्थानों का संचालन प्रभावित हो रहा है और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। वही दुकानदारों का कहना है कि बदबू के कारण दुकान में ग्राहक नही आ रहे है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि डंपिंग यार्ड को तत्काल इस स्थान से हटाकर किसी उपयुक्त जगह स्थानांतरित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई का अवसर मिल सके।



**कुरुक्षेत्र।** सड़क पर जाम लगाते कोचिंग संस्थान संचालक व दुकानदार।


### समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं जाम की सूचना मिलते ही यातायात थाना प्रभारी रामकरण पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर जाम खुलवाया। इसके बाद मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। प्रदर्शन के दौरान सड़क पर कूड़े से भरे टिप्पर खड़े रहने के कारण लंबा जाम लग गया और राहगीरों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक डंपिंग यार्ड की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। मौके पर पहुंचे सुगम स्वच्छता निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर सुमित वर्मा ने बताया कि डपिंग यार्ड से रोजाना 125 टन के लगभग उठान किया जा रहा है।

# शाहबाद में 14 लाख रुपये की विकास योजनाओं का शुभारंभ : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

नगरपालिका शाहाबाद क्षेत्र में विकास कार्यों ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। मंगलवार को करीब 14 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना तथा नगरपालिका प्रधान डॉ. गुलशन क्वात्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने सुभाष कलसाना का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत भी किया। शुभारंभ के अवसर पर सुभाष कलसाना ने कहा कि नगर के सभी 19 वार्डों में बिना किसी भेदभाव के समान विकास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बराड़ा रोड स्थित फायर ब्रिगेड मार्केट चौक के निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी गई है, जिस पर लगभग 8 लाख रुपये खर्च होंगे।



**शाहबाद।** विकास योजनाओ के निर्माण की शुरूआत करते चैयरमेन सुभाष कलसाना।

### सड़क निर्माण के साथ जलभराव रोकने की तैयारी

इसके अलावा लाडवा रोड पर सिद्धार्थ अस्पताल के सामने सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है, जिस पर करीब 4.65 लाख रुपये की लागत आएगी। दोनों कार्य निर्धारित समय में पूरे कर जनता को समर्पित किए जाएंगे। कलसाना ने कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने लगभग दो माह पहले ही नगरपालिका प्रशासन को विशेष तैयारियां करने के निर्देश दिए थे। नगरपालिका प्रधान डॉ. गुलशन क्वात्रा ने कहा कि सुभाष कलसाना के नेतृत्व में शाहाबाद में विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगरपालिका ने व्यापक स्तर पर प्रबंध किए हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, पार्षद दीपक आनंद, अमित सिंगला, पंकज सिंगला, जतिन पोपली, अधिवक्ता मनदीप रावा, भारत साहनी, राज कुमार भाटिया, तिलक नलवी, गुरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### रैगिंग रोकथाम को लेकर कुवि में बैठक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कमेटी रूम में रैगिंग की रोकथाम एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित एंटी-रैगिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में रैगिंग संबंधी शिकायतों की रोकथाम, जागरूकता बढ़ाने तथा शिकायत निवारण तंत्र को और प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में शिकायतों के निवारण हेतु गठित विभिन्न समितियों एवं प्रकोष्ठों के बारे में जागरूक करना है। विद्यार्थियों को यह जानकारी होनी चाहिए कि किसी भी प्रकार की रैगिंग, उत्पीड़न या अन्य छात्र-संबंधी समस्या की स्थिति में वे सबसे पहले विश्वविद्यालय स्तर पर उपलब्ध समितियों, एंटी-रैगिंग सेल, प्रॉक्टर कार्यालय, डीएसडब्ल्यू कार्यालय तथा अन्य शिकायत निवारण मंचों से संपर्क करें।

### अवैध कालोनी में निर्माण किया नष्ट

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा के गांव जंधेडी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने गांव जंधेडी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी सड़कें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा के गांव जंधेड़ी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।



### जिले के 18 अटल टिंकरिंग लैब स्कूलों में तकनीकी शिक्षा को मिलेगा नया आयाम : विनोद कौशिक

**कुरुक्षेत्र।** जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कुरुक्षेत्र के 18 अटल टिंकरिंग लैब युक्त राजकीय विद्यालयों के प्राचार्य तथा अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी शिक्षकों के लिए एटीएल, रोबोटिक्स एवं एस्ट्रोनॉमी लैब विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उमरी में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य भी भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब, रोबोटिक्स एवं एस्ट्रोनॉमी लैब का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से जोड़ना है। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं पीएम श्री योजना के अनुरूप विद्यार्थियों में रोबोटिक्स, 3-डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना समय की आवश्यकता है।



### टीईटी के विरोध व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सांसद जिंदल के नाम सौंपा ज्ञापन

**थानेसर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला कुरुक्षेत्र एवं राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला यमुनानगर के संयुक्त नेतृत्व में टीईटी की अनिवार्यता के विरोध तथा पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर सांसद श्री नवीन जिंदल के नाम जिंदल हाउस, कुरुक्षेत्र में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन जिंदल हाउस के प्रतिनिधि एवं सेवानिवृत्त आईएएस धर्मबीर सिंह ने प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ हल्का प्रधान बलविंदर सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान राजेंद्र टंडन ने की। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना न्यायसंगत नहीं है। साथ ही पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा का आधार रही है, इसलिए इसे पुनः लागू किया जाना चाहिए। संघ ने अपने ज्ञापन में सांसद नवीन जिंदल से आग्रह किया कि वे संसद में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से जुड़े इन महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से उठाएं।

### आदेश अस्पताल में प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी शिविर में 65 मरीजों ने उठाया लाभ

**शाहबाद।** विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के उपलक्ष्य में आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मोहड़ी में आयोजित प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेष शिविर के दूसरे दिन 65 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर शिविर का लाभ उठाया। शिविर में प्लास्टिक एवं रीकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विशेषज्ञ डा. अरमान खोसा गिल और डा विनय ने मरीजों की जांच कर उन्हें उनकी बीमारी के अनुसार उपचार और आवश्यक सलाह दी। डा अरमान खोसा गिल ने बताया कि विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर आयोजित यह विशेष शिविर 18 जुलाई तक चलेगा। शिविर के दौरान प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी से संबंधित मरीजों को परामर्श के साथ-साथ उपचार पर विशेष रियायत भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीज इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग प्लास्टिक सर्जरी को केवल सुंदरता बढ़ाने से जोड़कर देखते हैं, जबकि यह चिकित्सा क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण शाखा है। प्लास्टिक एवं रीकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के माध्यम से जन्मजात विकृतियों, कटे-फटे अंगों, दुर्घटनाओं में हुए गंभीर घावों, जलने से प्रभावित मरीजों, चेहरे एवं हाथ-पैर की विकृतियों तथा अन्य जटिल समस्याओं का सफल उपचार संभव है। यदि किसी बच्चे को जन्म से होंठ या तालू फटा होना, हाथ-पैर की विकृति या अन्य जन्मजात समस्या है, तो ऐसे बच्चों की जांच एवं उपचार इस शिविर में किया जा है ।



### एआई से बदलेगी प्लेसमेंट और कैंपस की तस्वीर




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में प्रौद्योगिकी ऊष्मायन केन्द्र (केयूटीआईसी) द्वारा डीन बिल्डिंग के कमेटी रूम में मंगलवार को एआई आधारित स्टार्टअप सिन्कअप ने अपने अत्याधुनिक करियर एवं प्लेसमेंट प्रबंधन प्लेटफॉर्म का प्रभावशाली लाइव प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अनीता दुआ, प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ निखिल मारीवाला, डॉ प्रियंका जांगड़ा, डॉ. सुनील ढींगरा, डॉ कृष्ण गोपाल, डॉ रोमा सिंह, डॉ वंदना भांकर, डॉ अर्चित, डॉ उत्कर्ष, मनोज शर्मा आदि ने कुटिक द्वारा विकसित प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। यह विद्यार्थियों की करियर तैयारी और विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। केयूटीआईसी के समन्वयक लेफ्टिनेंट (डॉ.) अजय जांगड़ा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्टार्टअप टीम ने बताया कि सिन्कअप एक एआई-संचालित समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, विश्वविद्यालयों और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

# स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : सैनी

## उपाध्यक्षा ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति व्यापक जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है। स्वच्छता केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता के संदेश से प्रेरित होकर लोगों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मंगलवार को लाडवा अनाज मंडी धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने गांव गुढ़ा व अनाज मंडी लाडवा में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने आसपास के क्षेत्र की सफाई करते हुए नागरिकों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कचरे के वैज्ञानिक एवं उचित निष्पादन के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वयं कचरा एकत्र कर रेहड़ी में डाला। इस मौके पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जिलाध्यक्ष रमेश सैनी, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरमैन डा. गणेश दत्त, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेडा, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरिंदर सिंह, नायब सिंह पटाक माजरा आदि मौजूद रहे।



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

# शहरों और गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए हर व्यक्ति को संकल्प लेने की जरूरत : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहरों और गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए हर व्यक्ति को संकल्प लेने की जरूरत है। इस अभियान में जब प्रत्येक व्यक्ति अपनी पूरी भावना के साथ जुड़ेंगे तभी महौल्ला, शहर और प्रदेश को स्वच्छ बनाया जा सकेगा। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद आगमन को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 13 जुलाई को पंचकूला से की है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को नए लघु सचिवालय के पास नगर परिषद थानेसर की तरफ से आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान के शुभारंभ अवसर पर कार्यकतार्ओं से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र, भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, डीएमसी अमन कुमार, ईओ राजेश कुमार,भाजपा नेता मलकीत ढांडा, एमसी संजीव सिकरी, जिला टास्क फोर्स के सदस्य अवनी गुप्ता, सुनील वर्मा, संजीव मित्तल, सुरेश कश्यप,सुरेन्द्र व बलबीर सूद आदि ने नए लघु सचिवालय व सर्किट हाउस के पास वाले क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान दिया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद में सुबह 10 बजे पहुंचेंगे और प्रदेशवासियों को अनेक बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे।




**कुरुक्षेत्र।** स्वच्छता अभियान में शामिल पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र।

### कला कीर्ति भवन में चलाया स्वच्छता अभियान

*थानेसर। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंचकुला से प्रारम्भ किये गए स्वच्छता से स्वागत अभियान के अंतर्गत हरियाणा कला परिषद की ओर से भी एक विशेष और अनुकरणीय पहल की गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल दिशा-निदेर्शों का अनुसरण करते हुए, हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र स्थित कला कीर्ति भवन परिसर में एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान की खास बात यह रही कि उपाध्यक्ष महेश जोशी ने खुद झाड़ू थामकर न केवल श्रमदान किया, बल्कि सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर परिसर के कोने-कोने को स्वच्छ बनाने में अग्रसर रहे। अभियान के दौरान उपाध्यक्ष महेश जोशी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत कला कीर्ति भवन के मुख्य परिसर, कार्यालय कक्षों और गलियारों की गहन सफाई की गई।*

## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक से गूंजा परिवार नियोजन का संदेश

**शहजादपुर।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में चलाए जा रहे जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत नागरिक अस्पताल के परिसर में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत रामचंद्र रोहिल्ला एंड पार्टी द्वारा परिवार नियोजन विषय पर एक बेहद प्रभावशाली और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। यह कार्यक्रम एसएमओ डॉक्टर प्रवीण कुमार कि देख रेख में आयोजित किया गया नाटक को देखने के लिए अस्पताल में आए मरीजों और उनके तीमारदारों में भी काफी उत्सुकता दिखाई दी। कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय, संवादों और लोकगीतों के माध्यम से उपस्थित आमजन को छोटे परिवार के लाभ की जानकारी दी।

### 22 जुलाई को जारी होगी पहली मेरिट सूची

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए निर्धारित ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई, 2026 तक छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा चुके हैं। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथम मेरिट सूची 22 जुलाई, 2026 को जारी की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्राएं 23 जुलाई से 27 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा कर सकेंगी। उन्होंने आगे बताया कि द्वितीय मेरिट सूची 29 जुलाई, 2026 को जारी होगी।

### आईटीआई में ट्रेड चयन की अंतिम तिथि आज

**शहजादपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारांपुर के प्रधानाचार्य सुलतान सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न आईटीआई ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने तथा ट्रेड चयन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भारांपुर में कोपा , ड्रेस मेकिंग, वेल्डर, वुड वर्क टेक्नीशियन, शीट मेटल वर्कर, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग, पेंटर जनरल तथा आईएंड सीटीएसएम सहित विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों में प्रशिक्षण उपलब्ध हैं।

### परिवार नियोजन के प्रभावी उपाय बताए

**शहजादपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य विभाग हरियाणा की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को छोटे परिवार के महत्व, बच्चों के बीच उचित अंतराल तथा परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी दी गई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ. गुरप्रीत सिंह ने बताया कि यह अभियान सीएमओ के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

## हर सरकारी स्कूल में नवाचार की उड़ान

# अटल टिंकरिंग लैब्स को 'ऑन' करने स्कूलों में पहुंचे डीईओ

*किताबी ज्ञान से आगे बढ़ें बच्चे, बनें इनोवेटर: डीईओ ने अटल टिंकरिंग लैब का किया औचक निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार की संस्कृति और आधुनिक तकनीकी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बुधवार को अंबाला शहर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर तथा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन की अटल टिंकरिंग लैब का विस्तृत निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण जिले में स्थापित अटल टिंकरिंग लैबों के प्रभावी संचालन और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। जिले में कुल 27 सरकारी विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जा चुकी हैं। निरीक्षण के दौरान डीईओ सुधीर कालड़ा ने दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों, कंप्यूटर विज्ञान के पीजीटी एवं टीजीटी तथा संबंधित शिक्षकों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय के टाइम टेबल में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से अटल टिंकरिंग लैब का पीरियड निर्धारित किया जाए, ताकि यह सुविधा केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को नवाचार और प्रयोग का अवसर मिले। डीईओ ने अटल टिंकरिंग लैब के स्टॉक रजिस्टर का स्वयं निरीक्षण करते हुए विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई सामग्री का सूची के साथ मिलान किया तथा उपकरणों के सुरक्षित रखरखाव और नियमित उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से उपलब्ध कराए गए आधुनिक उपकरण तभी सार्थक होंगे, जब विद्यार्थी उनका नियमित उपयोग करेंगे और शिक्षक पूरे मनोयोग से इस योजना को अपनाएंगे।



**अंबाला।** रजिस्टर की जांच करती डीईओ सुधीर कालड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

इस अवसर पर डीईओ सुधीर कालड़ा ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाईन में आयोजित की जा रही सुपर-100 परीक्षा का भी मुआयना किया। यहां जिले भर के 100 विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था जिनमें से 81 विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए उपस्थित थे। डीईओ के निरीक्षण के दौरान राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जनसुई से पीजीटी मंजीत कौर तथा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेवनगर से अर्पणा कालड़ा भी कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण के लिए प्रेमनगर विद्यालय में उपस्थित थीं। डीईओ ने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक ही अटल टिंकरिंग लैब की वास्तविक शक्ति हैं और वे अपने अनुभव से अन्य विद्यालयों को भी प्रेरित करेंगे।

### टीजीटी-पीजीटी शिक्षक मिशन मोड में करें काम

सुधीर कालड़ा ने विशेष रूप से कंप्यूटर विज्ञान के टीजीटी एवं पीजीटी शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस योजना को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे अपने विद्यालय की पहचान और विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा मिशन समझकर अपनाएं। उन्होंने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 3-डी डिजाइनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कोडिंग जैसे आधुनिक कौशल विकसित करने का सशक्त माध्यम है। आने वाला समय उन्हीं विद्यार्थियों का होगा जो केवल किताबें पढ़ने तक सीमित न रहकर नए विचारों को वास्तविक मॉडल और नवाचार में बदलना सीखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब प्रदेश में नवाचार का उत्कृष्ट मॉडल बनें, इसके लिए शिक्षा विभाग लगातार निगरानी, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों से आह्वान किया कि वे अपने विद्यालयों में ऐसी शैक्षणिक संस्कृति विकसित करें, जहां प्रत्येक विद्यार्थी प्रयोग करने, सीखने और कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि शिक्षक और विद्यालय प्रमुख इस योजना को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करेंगे तो सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

## मानव चौक से शुरू होगी श्री जगन्नाथ यात्रा, पुरी तरह की खींचा जाएगा रथ

- हर साल आयोजित होती है यात्रा, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की हरे कृष्ण प्रचार समिति के सौजन्य से 16 जुलाई को सांय 4 बजे मानव चौक रामलीला गांधी मैदान से भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी हरे कृष्ण प्रचार समिति के पदाधिकारी राधा मत्स्य दास ने दी।

राधा मत्स्य दास ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार जगन्नाथ यात्रा का आयोजन जिस तरह पुरी (उड़ीसा) में किया जाता है, उसी प्रकार यहां पर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर रथ यात्रा को रवाना करेंगे। हरे कृष्ण प्रचार समिति के पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए जिलावासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि इस यात्रा में शामिल होकर रथ यात्रा का स्वागत करते हुए भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रा में शामिल होकर जो भक्त या श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान श्री जगन्नाथ के रथ/रस्सों को खींचता है, भगवान का सिमरन करते हुए उसे आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने यह भी बताया कि यह यात्रा 16 जुलाई को रामलीला मैदान मानव चौक से शुरू होकर जलबेड़ा रोड़ से होते हुए गेट नंबर 5 से सेक्टर 10 मे प्रवेश करते हुए सामुदायिक भवन सेक्टर 10 में आकर संपन्न होगी।

## जमीनी सौदेबाजी में 19 लाख की ठगी मां-बेटे समेत तीन पर दर्ज हुआ केस

- सात कनाल जमीन की सौदेबाजी के बावजूद किसी दूसरे को जमीन बेचने का आरोप, न पैसे वापस किए न ही जमीन नाम करवाई

**अंबाला।** होशियारपुर में 7 कनाल जमीन बेचने के नाम पर बरनाला गांव के नरेंद्र सिंह से 19 लाख रुपये की ठगी हो गई। आरोप है कि मां-बेटे समेत तीन लोगों ने जमीन का सौदा करने के बाद वही जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड कर बेच दी। आरोपियों ने पीड़ित के रुपये लौटाने के लिए दिए गए चेक भी बाउंस हो गए। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर पंजोखरा साहिब थाना पुलिस ने पंजाब के होशियारपुर की बलबीर कौर, उसके बेटे परविंद्र सिंह और सचिन भल्ला के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। बरनाला गांव स्थित राजा गार्डन के नरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 जून 2025 को बलबीर कौर और उसके बेटे परविंद्र सिंह के साथ 7 कनाल जमीन का सौदा 48 लाख रुपये में तय हुआ था। बयाने के तौर पर उसी दिन तीन लाख रुपये का चेक दिया गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने जमीन पर बैंक का लोन चुकाने का हवाला देकर अलग-अलग तारीखों में कुल 19 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता का कहना है कि सौदा तय करते समय जमीन पर बैंक ऋण होने की जानकारी उनसे छिपाई गई थी।

## गुदगुदी जंक्शन समूह की ओर से ट्विन सिटी में किया जाएगा पौधरोपण, निःशुल्क पौधे बांटे जाएंगे

- मीटिंग के दौरान तय की गई योजना, कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

गुदगुदी जंक्शन समूह की कार्यकारिणी की बैठक अंबाला शहर प्रभारी रोहित जैन के प्रतिष्ठान आम्रपाली होटल में आयोजित हुई। संरक्षक प्रो.सतीश चंद्र पाराशर के मार्गदर्शन और समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा और अगले कार्यक्रमों की प्लानिंग की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव दिए। समूह द्वारा अब तक करवाए गए सामाजिक,धार्मिक और मनोरंजक कार्यक्रमों में योगदान देने वाले पदाधिकारियों के पैनल में जिला प्रभारी डॉ.संजय गौतम,जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र धीमान, जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी इंद्र परुथी, साहित्यिक मंच अक्षरम्‍ के प्रभारी जगमाल सिंह राणा, अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा, डॉ.इंद्र कुमार शर्मा और असीम अग्रवाल के कार्यों की सराहना की गई। अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने बताया कि अंबाला छावनी में बुधवार 15 से रविवार 19 जुलाई तक और अंबाला शहर में बुधवार 22 से रविवार 26 जुलाई तक सुबह 7 से 10 बजे(लगातार 3 घंटे)तक पौधारोपण अभियान चलेगा जिसमें अंबाला कैंट के इंचार्ज जगमाल सिंह राणा और अंबाला सिटी के इंचार्ज अरुण शर्मा बनाए गए हैं।

## दबाव का दिखा असर, तय हो गई नगर निगम के सदन की मीटिंग

- आधा दर्जन निगम सदस्यों ने भेजे प्रस्ताव, मेयर बोली निगम कमिश्नर को मीटिंग के लिए भेजा जा चुका है लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




नगर निगम ऑफिस का बाहरी दृश्य।

- सफाई व पानी निकासी के मुद्दे पर होगी चर्चा

शपथ के बावजूद नगर निगम की पहली मीटिंग न होने का दबाव मेयर व नगर निगम अफसरों पर अब नजर आ रहा है। निगम के सदन की पहली मीटिंग के लिए तैयारी शुरू हो गई है। दिशा की बैठक में भी सदन की मीटिंग न होने का मुद्दा उठा था। इस दौरान सांसद वरुण चौधरी ने अधिकारियों को हर महीने निगम हाउस की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अब मेयर अक्षिता सैनी ने निगम कमिश्नर वीरेंद्र सहरावत को पत्र लिखकर बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। संभावना है कि निगम हाउस की बैठक इसी सप्ताह आयोजित होगी। इसके लिए निगम सदस्यों से उनके वार्डों से जुड़े प्रस्ताव और एजेंडा मांगे जा रहे हैं। नगर निगम चुनाव का परिणाम 13 मई को घोषित हुआ था, लेकिन दो महीने बाद भी हाउस की पहली बैठक नहीं हो सकी थी, जिससे कई विकास प्रस्ताव लंबित रहे।

### विकास कार्यों की होगी समीक्षा

निगम सदस्य मनीष आनंद ने बताया कि बैठक के लिए एजेंडा मांगे जाने पर वे 22 अवैध कॉलोनियों और 54 पैच को जीआईएस पोर्टल पर शामिल कराने तथा बरसाती पानी की निकासी का मुद्दा उठाएंगे। बता दें कि निगम की पिछली हाउस बैठक 8 अप्रैल 2025 को हुई थी। उस बैठक में 181 करोड़ का बजट व शहर के विकास से जुड़े कई प्रस्ताव मंजूर किए थे, लेकिन डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी इनमें से कई योजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकीं। अब पहली हाउस बैठक इसी सप्ताह होने की संभावना है। पिछली बैठक में मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों के लिए भूमि चयन, सामुदायिक भवनों में पोर्टा कैबिन लगाकर गार्ड रूम, सीएससी और सीएफसी स्थापित करने, स्लॉटर हाउस के लिए भूमि चयन, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने और निगम सदस्यों को लैपटॉप उपलब्ध कराने जैसे प्रस्ताव मंजूर किए गए थे। हालांकि इन योजनाओं पर अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी। मेयर अक्षिता सैनी ने बताया कि सदन की बैठक बुलाने के लिए निगम कमिश्नर को पत्र लिख दिया गया है। यह बैठक इसी सप्ताह में होने जा रही है। सभी सदस्यों से वार्ड में होने वाले विकास कार्यों का एजेंडा मांगा जा रहा है। कुछ सदस्यों का एजेंडा आ भी चुका है।

## सीसीटीवी बंद कर पुजारी पर जानलेवा हमला, रंजिश व नशा कनेक्शन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल में भर्ती अढ़ोनी गांव के शिव मंदिर के पुजारी योगीराज गिरी ने कहा कि आरोपी काफी समय से उनसे रंजिश रखते थे। आरोपी का पंजाब के नकोदर से नशे का कनेक्शन है और मंदिर के सामने जिस स्थान को आज दरगाह बताया जाता है, वह पहले सिर्फ आरोपियों के बैठने की जगह थी। पुजारी ने यह भी दावा किया कि इसी रंजिश के चलते 9 जुलाई को आरोपियों ने पहले मंदिर के सीसीटीवी कैमरे बंद किए, फिर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, गले में परना डालकर घसीटा और नाले या नहर में फेंकने तक की बात कर रहे थे। योगीराज गिरी ने बताया कि 9 जुलाई की रात करीब तीन बजे वह रोज की तरह उठे। मंदिर से अलग बनी धर्मशाला से शौच के लिए बाहर गए। उसी दौरान एक कार की आवाज सुनाई दी। कार पहले गांव की दूसरी ओर गई और कुछ देर बाद वापस लौट आई। उस समय उन्होंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने रोज की तरह मंदिर की सफाई की और करीब चार बजे स्नान की तैयारी करने लगे। पुजारी ने बताया कि उस समय उन्होंने केवल गुरु माला पहन रखी थी और पूरी तरह तैयार भी नहीं हुए थे। वह खुद से कुछ गुनगुना रहे थे। आरोपी पंकज ने इस बात का गलत अर्थ निकाल लिया और समझा कि उसके खिलाफ कोई साजिश रची जा रही है।

## शहर के प्रमुख क्षेत्र में वन विकास निगम के फर्नीचर का एक शो-रूम करें स्थापित: रवि सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा वन विकास निगम के अध्यक्ष रवि सैनी ने कहा कि आमजन को हरियाणा वन विकास निगम द्वारा निर्मित फर्नीचर उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा उनकी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख क्षेत्र में निगम के फर्नीचर का एक शो-रूम स्थापित किया जाए। इससे लोगों को निगम द्वारा तैयार किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण एवं आकर्षक फर्नीचर उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी तथा वे सीधे निगम से फर्नीचर खरीद सकेंगे। हरियाणा वन विकास निगम के अध्यक्ष रवि सैनी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा वन विकास निगम की फर्नीचर इकाई का निरीक्षण किया। उन्होंने फर्नीचर इकाई में संचालित विभिन्न गतिविधियों, उत्पादन प्रक्रिया तथा निर्मित किए जा रहे फर्नीचर उत्पादों का अवलोकन किया और इकाई की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान हरियाणा वन विकास निगम के मुख्य महाप्रबंधक अंबाला रविन्द्र धनखड़, भारतीय वन सेवा महाप्रबंधक कुरुक्षेत्र कुलविंदर सिंह, भारतीय वन सेवा तथा प्रबंधक कुरुक्षेत्र राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र धनखड़ ने अध्यक्ष रवि सैनी का पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा उन्हें हरियाणा वन विकास निगम की कार्यप्रणाली, विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों एवं निगम द्वारा संचालित परियोजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़ (यूआईएलएस) में पाँच वर्षीय समेकित बी.ए.एल.एल.बी. (ऑनर्स) एवं बी.कॉम.एल.एल.बी. (ऑनर्स) पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों की सहायता के लिए स्थापित हेल्प डेस्क पर मार्गदर्शन प्रदान करते शिक्षकगण।

### ब्लॉक स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शहजादपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं एवं नौवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अभिनय क्षमता तथा सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। रोल प्ले प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एसडीएम हस्तक्षेप के बाद पेंशन वितरण शुरू, डाकघर ने स्थायी व्यवस्था का आश्वासन दिया

# फार्म भरने वाला न मिलने से पेंशनधारक रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा





**बराड़ा।** समस्या के बारे में जानकारी देते पीड़ित बुजुर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

महाराणा प्रताप चौक स्थित डाकघर में मंगलवार को पेंशन लेने पहुंचे बुजुर्ग और दिव्यांग पेंशनधारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नकद निकासी (कैश विदड्रॉल) फार्म भरने के लिए कोई व्यक्ति उपलब्ध न होने के कारण कई बुजुर्ग सुबह से दोपहर तक भूखे-प्यासे डाकघर परिसर में बैठे रहे, लेकिन उन्हें पेंशन नहीं मिल सकी। परेशान पेंशनधारकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद प्रशासन के हस्तक्षेप से पेंशन वितरण की प्रक्रिया शुरू हो सकी। दरअसल डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुजुर्ग एवं दिव्यांग अपनी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लेने पहुंचते हैं। अधिकांश पेंशनधारक अशिक्षित होने के कारण नकद निकासी का फार्म स्वयं भरने में असमर्थ हैं। पहले डाकघर में एक युवक पेंशनधारकों के फार्म भरने में मदद करता था, लेकिन उसके हटने के बाद लोगों की परेशानी बढ़ गई है। यहां के रहने वाले जसमेर सिंह, फकीर चंद, समसा सिंह तथा दिव्यांग जुल्फान अली, जगीरो सहित अन्य पेंशनधारकों ने बताया कि कई दिनों से उनकी पेंशन खातों में आ चुकी है। फार्म भरने वाला कोई नहीं होने के कारण वे रोज डाकघर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कर्मचारियों द्वारा उन्हें स्वयं फार्म भरने के लिए कहा जाता है, जबकि अधिकांश लोग पढ़ना-लिखना नहीं जानते। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में पेंशनधारक सुबह से डाकघर पहुंचे, लेकिन फार्म न भर पाने के कारण घंटों इंतजार करते रहे।

### भविष्य में नहीं होगी फार्म की जरूरत

डाकघर के पोस्टल असिस्टेंट विजित शर्मा ने बताया कि सभी पेंशनधारकों की बायोमेट्रिक केवाईसी करवाई जा रही है। इसके पूरा होने के बाद नकद निकासी फार्म भरने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और लाभार्थी सीधे बॉयोमेट्रिक मशीन के माध्यम से अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अधिक भीड़ होने के कारण यह स्थिति बनी। फिलहाल फार्म भरने के लिए एक युवक की व्यवस्था कर दी गई है तथा भविष्य में भी पेंशनधारकों की सुविधा के लिए निजी स्तर पर एक व्यक्ति उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसी भी बुजुर्ग या दिव्यांग को परेशानी का सामना न करना पड़े।